## शहडोल-उमरिया एनएच-43 बदहाल



### नौ साल से अधूरा पड़ा निर्माण कार्य, उठ रहे धूल के गुबार

**शहडोल, देशबन्धु।** देशभर में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए भारत सरकार जहां सड़कों का व्यापक जाल बिछा रही है, वहीं शहडोल से उमरिया तक का राष्ट्रीय राजमार्ग-43 (ह॥-43) सरकारी दावों को झूठा साबित करता नजर आ रहा है।

करीब 73 किलोमीटर लंबे इस मार्ग का निर्माण बीते नौ वर्षों से अधूरा पड़ा है। एनएच-43 की हालत बदहाल, यहां धूल के गुब्बार उठ रहे हैं, जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

सबसे हैरानी की बात यह है कि वर्तमान में जिस हिस्से का निर्माण कार्य हो चुका है, उसकी गुणवत्ता पर भी सवाल उठने लगे हैं। कई स्थानों पर सड़क की परतें उखड़ने लगी हैं और चारों ओर धूल के गुब्बार उड़ रहे हैं। इससे न केवल यातायात बाधित हो रहा है, बल्कि क्षेत्रवासियों के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ रहा है।

**सरकारी आदेशों का नहीं दिख रहा असर**

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने अधिकारियों को हाइवे निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए थे, लेकिन जमीनी स्तर पर इन आदेशों का कोई प्रभाव नहीं दिख रहा है। निर्माण कार्य का जिम्मा संभाल रही तिरुपति बिल्डकॉन को अधिकारियों द्वारा अक्टूबर 2025 तक कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। एमपीआरडीसी के संभागीय अधिकारी दिनेश स्वर्णकार ने बताया कि रेलवे ओवरब्रिज समेत अन्य कार्य अंतिम चरण में हैं। ठेकेदार से निरंतर संपर्क कर निर्माण में तेजी लाने को कहा जा रहा है।

स्थानीय निवासियों ने सड़क की बदहाली पर चिंता और नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि यह मार्ग न केवल यातायात का प्रमुख साधन है, बल्कि क्षेत्र के विकास और व्यवसाय के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। निर्माण में हो रही देरी से उन्हें गंभीर असुविधाएं हो रही हैं।

## आपातकाल के 50वें वर्ष होने पर गोष्ठी का होगा आयोजन


**सिंगरौली, देशबन्धु।** 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने राष्ट्र पर आपातकाल लागू किया था। तत्कालीन जे पी आंदोलन को दबाने और अपनी सरकार को बचाने के लिए इंदिरा गांधी ने ऐसा तानाशाही कदम उठाया था और देश में इमरजेंसी थोपी थी।

भारतीय जनता पार्टी इस दिन को काले दिवस के रूप मे मनाती है। इस बार 25 जून को आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने ज रहे हैं । भारतीय जनता पार्टी अखिल भारतीय स्तर पर इस को काले दिवस के रूप मे याद कर गोष्ठियों का आयोजन करने जा रही है। इसी क्रम मे भारतीय जनता पार्टी सिंगरौली मे भी इस प्रकार की गोष्ठी का आयोजन हो रहा है।

इस गोष्ठी का आयोजन दुधीचुआ के सूर्य किरण भवन मे होगा तथा इस गोष्ठी को संबोधित करने के लिये प्रदेश संगठन द्वारा सतना के सांसद गणेश सिंह को मुख्य वक्ता के रूप मे भेजा जा रहा है जो गोष्ठी को संबोधित करेंगे तथा आपातकाल के काले दिवस पर अपना व्याख्यान देंगे।

जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह ने समस्त प्रबुद्ध नागरिक एवं युवाओं को इस गोष्ठी मे सम्मिलित हो कर इतिहास के इस काले अध्याय की विभीषिका को जानने का आह्वान किया है।

## नवविवाहिता ने की आत्महत्या



**शहडोल, देशबन्धु।** शहडोल के देवलौंद थाना क्षेत्र में एक नई दुल्हन ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवती की पहचान रामगढ़ निवासी रचना बैस (25 वर्ष) के रूप की गई है, जो एक साल पहले ही अपने पति गणेश बैस के साथ विवाह बंधन में बंधी थी। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी सुभाष दुबे ने बताया कि इस मामले में मर्ग कायम किया गया है और विस्तृत जांच की जा रही है। हमने सभी संभावित कारणों की जांच शुरू कर दी है। परिवार के सदस्यों से पूछताछ की जा रही है ताकि आत्महत्या के पीछे का कारण स्पष्ट हो सके। स्थानीय निवासियों के अनुसार, रचना एक खुशमिजाज लड़की थी और उसके विवाह को अभी कुछ ही साल पहले हुआ था। पड़ोसियों के अनुसार, परिवार में कोई बाहरी समस्या नहीं थी, लेकिन रचना के अचानक इस कदम उठाने से सभी हैरान हैं।

जांच में जुटी पुलिस ने कहा है कि वे रचना के परिवार वालों से बात कर रहे हैं और उनकी भावनाओं का ध्यान रखते हुए पूरी संवेदनशीलता के साथ मामले की जांच करेंगे। रचना के परिवार का कहना है कि वे इस दुखद घटना के पीछे की सच्चाई जानने के लिए पुलिस की मदद कर रहे हैं। थाना प्रभारी ने कहा कि मामला नव विवाहिता का है इसलिए मामले की जांच राजपत्रित अधिकारी करेंगे हमने मर्ग कायम किया है। विवाह एक साल पहले हुआ था।

## सार-समाचार

### आपातकाल की 50वीं बरसी पर भाजपा का कार्यक्रम आज

**उमरिया, देशबन्धु।** कांग्रेस द्वारा लगाए गए आपातकाल के काले अध्याय का 50 वां वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर भारतीय जनता पार्टी जिला-उमरिया के द्वारा 25 जून को दोपहर 2 बजे भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय कुशा भाऊ ठाकरे सदन भरौली में कार्यक्रम रखा गया है,जिसमें कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री भाजपा एवं जयसिंहनगर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह, विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद ज्ञान सिंह, मानपुर विधायक सुश्री मीना सिंह एवं बांधवगढ़ विधायक शिवनारायण सिंह एवं मुख्य वक्ता के तौर पर मूलचंद अग्रवाल मौजूद रहेंगे।कार्यक्रम के अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष श्री आशुतोष अग्रवाल जी के करेंगे। कार्यक्रम को लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल ने बताया कि आपातकाल भारत के मजबूत लोकतंत्र में एक अविस्मरणीय काला अध्याय है। 25 जून 1975 को देश की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाया था, जो लोकतांत्रिक स्वतंत्रता पर गंभीर अंकुश था। इसी के विरोध में भाजपा जिला स्तर पर कार्यक्रम करने जा रही है।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता पूर्व जिला अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, मंडल के अध्यक्ष, मोर्चाओं के अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के सभी सम्मानित पदाधिकारियो की उपस्थिति रहेगीं।

### राष्ट्रीय राजमार्ग 43 में आईं दरारें

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग के घटिया पन निर्माण, जर्जर गड्ढों वाली सड़क, उड़ती धूल,



सड़कों की तरह तरह की गड़बड़ियों का खामियाजा इस मार्ग पर चलने वाले नागरिकों के लिए तो पहले से ही जानलेवा साबित हो रही थी,उस पर दुर्घटनाओं में बेगुनाह राहगीरों के मरने वाले लोगों का हर दिन बढ़ने वाले आंकड़े इस दुर्गम सड़कों की असलियत खोल रही है । विदित होवे कि राष्ट्रीय राजमार्ग 43 का निर्माण एक दशक पहले शुरू किया गया था, लेकिन इस मार्ग को पूरा होने में अभी कितना वक्त लगेगा यह उमरिया जिला प्रशासन के हाथों में फिलहाल दिखाई नहीं दे रहा क्योंकि एक अदना सा ठेकेदार प्रशासन के नियंत्रण में नहीं रहा। मालुम होवे कि राष्ट्रीय राजमार्ग 43 का काम कटनी गुमला से शुरू होकर शहडोल संभाग के आखिर पूर्वी छोर तक बनाने का काम तीन पैच में शुरु किये गये थे, जिनमें से दो पैच तो समय के साथ पूरे हो गये, जबकि उमरिया से शहडोल तक का यह पैच जो कि उमरिया जिला प्रशासन के आधीन आता है, यह एक दशक के बाद भी आज निर्माणाधीन है। निर्माणाधीन सड़क के ठेकेदार से जिम्मेदार अधिकारियों ने यह जानने की कोशिश नहीं की गयी कि आखिर कार यह सड़क तय समय-सीमा पर क्यों नहीं बनायेंगी। राष्ट्रीय राजमार्ग की यह सड़क बनाई गई है वह भी घटिया पन की खास खबरों में सदा बनी रहीं। नव निर्मित इस राजमार्ग में जगह-जगह सड़कों में आयी असमय दरारें, असमतल, ऊबड़-खाबड़ से आज़ भी जुझना पड रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग के इस महंगी सड़क को, सड़क के संकेतक नहीं लगायें गये। राष्ट्रीय राजमार्ग की इन जरा-जरा सी खामियां देखने में भले ही कम दिखाई दे रही है परन्तु यह जरा सी चूक राहगीरों को जान देकर इसकी कीमत चुकानी पड़ रही है।

### विकासखंड एवं तहसील स्तरीय कार्यालयों में भी लागू होगी ई-ऑफिस प्रणाली

**पन्ना, देशबन्धु।** शासन के निर्देशानुसार ई-ऑफिस प्रणाली का क्रियान्वयन अब सभी विकासखण्ड और तहसील स्तर के कार्यालयों में भी किया जाना है। राजस्व विभाग अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं कम्प्यूटर दक्ष सहयोगी स्टॉफ को शासकीय ई-मेल आईडी बनवाने, ईएमडी शीट में जानकारी भरकर भेजने तथा ई-ऑफिस परिचय संबंधी प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट स्थित ई-दक्ष केन्द्र में 25 एवं 26 जून को दिया जाएगा। कलेक्टर सुरेश कुमार ने सभी एसडीएम को अपने विकासखण्ड स्तरीय संबंधित लोकसेवकों के साथ निर्धारित तिथि को प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिए हैं। बुधवार को गुनौर अनुभाग के अधिकारी-कर्मचारियों का प्रशिक्षण सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक तथा पवई एवं शाहनगर अनुभाग के शासकीय सेवकों का प्रशिक्षण दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित किया गया है, जबकि पन्ना एवं अजयगढ़ अनुभाग का प्रशिक्षण गुरूवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक निर्धारित है।

## सीएमएचओ ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण



**उमरिया, देशबन्धु।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर व्ही एस चंदेल द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरवाई एवं बिलासपुर का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान बिलासपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भवन में छत से पानी के लीकेज होने के संबंध में दुरुस्त करने हेतु निर्देशित किया गया। बिलासपुर एवं हरवाई में उपस्थित स्टाफ को मौसमी बीमारी डायरिया टायफाइड मलेरिया जैसे बीमारियों से रोकथाम हेतु आवश्यक जांच उपकरण एवं दवाइयां का बफर स्टॉक रखने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने स्टाफ को निर्देशित किया है कि शासन द्वारा दी जा रही योजनाओं का संपूर्ण लाभ जनमानस तक पहुंचे एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का संपूर्ण लाभ दिया जा सके गर्भवती माताएं एवं शिशु हेतु शत प्रतिशत टीकाकरण एवं पंजीयन की जाने हेतु निर्देशित किया गया

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जन सामान्य को सलाह दी गई है कि वे वर्षा ऋतु में विशेष सतर्कता बरतें। खेतों में कार्य करते समय जूते-मोजे पहनें, गहरे रंग के कपड़ा पहनें और हाथों में दस्ताने लगाएं। झाड़ियों, पुआल के ढेर, लकड़ी के गट्ठर आदि स्थानों में काम करने से पहले वहां डंडे या लाठी से हल्का प्रहार करें। अंधेरे में टॉर्च का उपयोग करें और बच्चों को बिना देखरेख खुले स्थानों पर न भेजें। घर के आसपास साफ-सफाई रखें, झाड़ियाँ काटें और कूड़ा-कचरा हटाएं। घरों की दीवारों में मौजूद दरारें बंद करें और खुले में सोने से परहेज करें। यदि किसी को सर्प ने डस लिया हो तो घबराएं नहीं, शरीर को शांत रखें और तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल पहुँचें।

घाव को चाकू से काटना, चूसना या उस पर कोई रसायन लगाना अत्यंत हानिकारक है। झाड़-फूंक, टोना-टोटका या तांत्रिक क्रियाओं में समय न गंवाएं। यह समय जीवन रक्षक हो सकता है, इसलिए हर क्षण अमूल्य है। सर्पदंश ग्रसित व्यक्ति को यथाशीघ्र अस्पताल ले जाएं। यदि संभव हो तो सांप का रंग, लंबाई या कोई चित्र याद रखें लेकिन उसे मारने या पकड़ने का प्रयास न करें, क्योंकि इससे और खतरा हो सकता है। कई बार सांप विषैला नहीं भी होता, पर उपचार में देर जानलेवा साबित हो सकती है। सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे सर्प-दंश से संबंधित इस आपदा को गंभीरता से लें। शासन एवं जिला प्रशासन द्वारा किए गए प्रबंध तभी प्रभावी होंगे जब नागरिक स्वयं भी सावधानी बरतेंगे, समय पर उपचार लेंगे और जागरूकता फैलाने में सहयोग करेंगे। संयुक्त प्रयासों से ही सर्पदंश से होने वाली जनहानि को नियंत्रित किया जा सकता है।

## कलेक्टर ने शासकीय संस्थाओं के भवनों की जांच के दिए निर्देश



**पन्ना, देशबन्धु।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने वर्षाकाल के दौरान महाविद्यालय, स्कूल, छात्रावास एवं आंगनवाड़ी भवनों की आवश्यक जांच व कार्रवाई के संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। इस संबंध में कहा गया है कि मानसून सत्र में संभावित अतिवृष्टि के दृष्टिगत विभागीय संस्थाओं की जांच कर यह सुनिश्चित किया जाए कि भवन अथवा दीवार की स्थिति जीर्ण-शीर्ण होने पर यहां अध्यापन इत्यादि कार्य न हो। इसी तरह छात्र-छात्राओं के छात्रावास तथा आंगनवाड़ी भवनों में भी सुरक्षित स्थानों पर ही संचालन हो। अति वर्षा एवं जल भराव की स्थिति निर्मित होने पर नदी नालों के किनारे निर्मित भवनों, जिनमें अध्यापन कार्य अथवा विद्यार्थियों के ठहरने के लिए भवन एवं आंगनवाड़ी भवन संचालित है, इनकी निरंतर निगरानी कर तत्काल आवश्यक कार्यवाही की जाए। जिला कलेक्टर द्वारा इस बावत् गत टीएल बैठकों में भी अधिकारियों को निर्देशित किया गया था।

## जनसुनवाई में आए 18 आवेदन

**पन्ना, देशबन्धु।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 18 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा जिला मुख्यालय की जनसुनवाई में पहुंचे आवेदकों की समस्याएं सुनी गईं। ग्राम पंचायत



स्तरीय जनसुनवाई में भी आवेदकों की समस्याओं का निराकरण किया गया। राज्य शासन के निर्देश पर आमजनों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज जनसुनवाई हुई।

## वर्षों का इंतजार खत्म, सरपंच ने घर-घर तक पहुंचाई रोशनी

**उमरिया, देशबन्धु।** जिले के पाली विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मलियागुडा के ईन्द्रा आवास कालोनी में लगभग दो पंचवर्षीय से रह रहे लोगों को विधुत पोल लगने का इन्तजार खत्म हुआ पूर्व सरपंच लोकनाथ सिंह मरावी के द्वारा लगातार इस बस्ती में पोल लगने की मांग को लेकर जिले के अधिकारियों सहित नेताओं के चक्कर काटते रहे लेकिन नेताओं और अधिकारियों से आस्वाशन मिलें पर पोल नहीं मिले सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से भी दूर प्रधानमंत्री अटल योजना आईं लेकिन अधिकारियों की गफलत बाजी के कारण पाली से एमपीईबी मुख्य मार्ग पर स्थित कालोनी में जानलेवा तारों का जाल पेड़ों पर लटकती रही विधुत तारें किसी को नहीं दिखी कई बार दुर्धटना भी घटित हुई पर किसी ने हल नहीं निकला रहवासियों ने क्षेत्रीय विधायक से भी गुहार लगाई पर सिर्फ आश्वासन ही मिला लेकिन वर्तमान मलियागुडा सरपंच की सुझ बुझ एवं दृढ़ संकल्प ने ग्राम पंचायत से लेकर भोपाल तक प्रदेश के मुखिया डॉ मोहन यादव तक इस सम्बन्ध में लिखित एवं मौखिक रूप से उन गरिबों के दर्द को बयां कर अपनी ग्राम पंचायत के लोगों को सरकार की वह हर योजना का लाभ पहुंचे बात रखी और आज पोल लग कर तैयार है उस मोहल्ले में रह रहे लोगों के चहरे पर मुस्कान दिखाई दे रही है स्थानीय लोगों धन्यवाद दिया जा रहा है परन्तु श्रीमती लक्ष्मी लोकनाथ सिंह मरावी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री तथा क्षेत्र की लोकप्रिय विधायक का दिल से धन्यवाद दिया और कहां की यह उपलब्धि हासिल करने में मुझे मुख्यमंत्री एवं विधायक मीना सिंह के सहयोग से ही मिला है मैं गांव की समस्त जनता जनार्दन की ओर से धन्यवाद ज्ञापित करतीं हूं और चाहूंगी कि ऐसा ही सहयोग प्यार मुझे एवं मेरी जनता पर बना रहे।

## जांच का बहाना कर वसूल रहे नजराना, स्टेशनरी की दुकानों में बिक रहे बीज



**ब्यौहारी, देशबन्धु।** ब्यौहारी ब्लॉक मुख्यालय सहित जयसिंहनगर में इन दोनों नकली एवं मानक बी धड़ले से बिक रहा है, क्योंकि सैंपलिंग अधिकारी प्रदीप कुशवाहा द्वारा दुकानदारों से खुली लेनदेन की जाती है उनके द्वारा यदि किसी दुकानदार द्वारा 15 वैरायटी के बीज रखे गए हैं तो सिर्फ एक का सैंपल ले लिया जाएगा बाकी छोड़ दिया जाता है। इसी तरह व्यवहारी बुढ़वा बाणसागर हर जगह उनकी सहपर अमानक बीज बेचे जा रहे हैं।

**स्टेशनरी के दुकानों में बिक रहे बीज**

भरेशशाह ही यहां तक है कि प्रदीप कुशवाहा द्वारा जानकारी होने के बावजूद भी ऐसी दुकान जो सिर्फ मौसम के समय खुलती है स्टेशनरी की दुकानों किरना की दुकानों में बीज बेचे जा रहे हैं ऐसे लोग बिना लाइसेंस के 60 किलो की धान ब्रांडेड कंपनियों में पैक करके 350 सौ रुपए किलो तक बेंच देती और सैंपलिंग अधिकारी कुशवाहा जमकर वसूली में जुटे हुए ऐसा लगता है कि पैसा लेकर पान की दुकानों में भी खाद बीज बिकने लगेगा।

**उपसंचालक कृषि की भी भूमिका संदिग्ध** -शहडोल जिले के उपसंचालक कृषि की भूमिका संदिग्ध है क्योंकि नियम के मुताबिक जो जिस ब्लॉक का कृषि विस्तार अधिकारी है अपने ब्लॉक में सैंपलिंग करेगा और सैंपलों की जांच कर रिपोर्ट बनाएगा अमानक सैंपल पाए जाने वालों को नोटिस जारी कर उनके लाइसेंस निरस्त करेगा लेकिन उनके द्वारा जयसिंहनगर एसडीओ को सर्वेसर्वा बना दिया और वह जैसी नगर और व्यवहारी दोनों ब्लॉकों का सैंपलिंग अधिकारी बनाया गया एक व्यक्ति कैसे दो ब्लाकों को संभाल सकता है इसलिए धड़ल्ले से क्षेत्र में अमानत बीज बिक रहा है कोई देखने वाला नहीं प्रदीप कुशवाहा एवं संचालक कृषि दोनों मिलकर के उगाही की रकम का बंदर बांट करते हैं।

**सैंपल फेल फिर भी नहीं की कोई कार्रवाई** -अमानक बीज मिलने पर भी नहीं की कोई कार्रवाई-पिछले साल ब्यौहारी- और जयसिंहनगर के कुछ दुकानों के बीच अमानक पाए गए थे ऐसे में उनके खिलाफ नोटिस देकर लाइसेंस निलंबित करना चाहिए, लेकिन कुशवाहा द्वारा उनसे 10 लेकर उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की और बता दिया कि सब सही है।

**सैंपलिंग अधिकारी को हटाए जाने की मांग** -क्षेत्र के किसानों ने मुख्यमंत्री एवं कमिश्नर से नकली, अमानक बिना लाइसेंस के चल रही दुकानों के लिए जिम्मेदार सैंपलिंग अधिकारी जयसिंहनगर की कृषि विस्तार अधिकारी प्रदीप कुशवाहा जिनको ब्यौहारी का भी बनाया गया है। उनको हटाकर जांच टीम बनाकर नए सिरे से ब्यौहारी-एवं जैसिंनगर खाद बीज दुकानों की जांच कराए जाने की मांग की एवं जो जिस ब्लॉक का कृषि विस्तार अधिकारी है उसको सैंपल लेने का अधिकार देने की मांग की, जिससे नकली बीजों पर रोक लगाई जा सके और किसनो की साल भर की मेहनत पर पानी न फिर सके।

## ग्राम पंचायत सिरी एवं अधराड़ के सचिव को नोटिस जारी

**पन्ना, देशबन्धु।** लोक सेवा गांरटी अधिनियम 2010 अंतर्गत योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के लंबित आवेदनों का समय सीमा में निराकरण नहीं होने पर गुनौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत सिरी एवं शाहनगर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत अधराड़ के सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

जिला योजना अधिकारी एवं द्वितीय अपीलीय अधिकारी लोक सेवा गांरटी अल्का रजनी दास द्वारा अधिनियम की धारा 5(2) के उल्लघंन पर धारा 6 के तहत स्वप्रेरणा के आधार पर संज्ञान लेकर नोटिस जारी करने की कार्रवाई की गई है। इस संबंध मे तीन दिवस के भीतर संबंधित सचिव से अधिनियम के 7.1 (क) के प्रावधान अनुसार 500 रूपए प्रति आवेदन के मान से शास्ति अधिरोपित करने के संबंध में प्रतिवेदन चाहा गया है। जबाव संतुष्टिपूर्ण न होने एवं भविष्य में समय सीमा बाह्य लंबित आवेदन पाए जाने पर एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी।

### पार्षद पद के एक अभ्यर्थी का नामांकन निरस्त

**पन्ना, देशबन्धु।** नगरीय निकायों के पार्षद पद के उप निर्वाचन अंतर्गत नगर परिषद ककरहटी के वार्ड क्रमांक 13 में रिक्त पार्षद पद के उप चुनाव के लिए दो अभ्यर्थियों द्वारा नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया गया था। मंगलवार को संवीक्षा के दौरान इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी राघेवेन्द्र गौड़ का नामांकन जाति प्रमाण पत्र एवं निर्धारित शुल्क राशि का स्टाम्प संलग्न न होने के कारण निरस्त कर दिया गया है, जिससे पार्षद पद के निर्विरोध निर्वाचन की संभावना है। संबंधित अभ्यर्थी को स्क्रूटनी के दौरान वांछित दस्तावेज उपलब्ध कराने का अवसर भी प्रदान किया गया था।